<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–30 सितम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निकायों से जुड़े तेरह हजार आठ सौ जनप्रतिनिधियों से किया वर्चुअल संवाद। कहा–विकसित उत्तर प्रदेश के लिए नगर निकायों की सक्रिय भागीदारी जरूरी।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पूर्वोत्तर रेलवे की पहली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सहित बिहार के लिये सात रेलगाड़ियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिखाई हरी झंडी। दीपावली और छठ पर्व पर बारह हजार विशेष रेलगाड़ियां चलाने की घोषणा की।
- केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने गौतमुद्धनगर में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के समापन समारोह को किया संबोधित। कहा– बदल रही है यूपी की तस्वीर।
- नवरात्र की अष्टमी तिथि पर मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की हो रही है पूजा अर्चना। मंदिरों और शक्तिपीठों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश के लिये नगर निकायों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कल लखनऊ से प्रदेश के 17 नगर निगमों, 200 नगर पालिकाओं और 545 नगर पंचायतों के अध्यक्षों तथा सदस्यों सहित 13 हजार 800 जनप्रतिनिधियों के साथ 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047' विषय पर वर्चुअल संवाद किया और सुझाव मांगे।

***लेकिन हमारा मॉडल ऐसा होना चाहिए जो तात्कालिक आवश्यकता की पूर्ति तो कर ही सके। हमारे विकास की प्रक्रिया का हिस्सा बनकर के इनकम को भी जनरेट कर सके। ये मॉडल नगर निकाय अपने स्तर पर भी और ये मॉडल आप पीपीपी मोड पर भी आगे बढ़ाने में सफल हो सकते हैं। बोर्ड इसके लिए सहमत हो और उस मानसिकता के साथ हमें कार्य करना होगा।***

मुख्यमंत्री ने सत्रहवें जनजातीय युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत कल मध्य प्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा से लखनऊ में आए प्रतिभागियों से भी संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत–श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का हिस्सा है।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बिहार के लिये तीन अमृत भारत एक्सप्रेस तथा चार पैसेंजर ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इनमें पूर्वोत्तर रेलवे की पहली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी शामिल है, जो लखनऊ होकर चलेगी। एक रिपोर्ट–

***पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन संख्या 05133 छपरा–आनंद विहार अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन छपरा से सुबह 11 बजे चलकर सीवान, होते हुए प्रदेश के कप्तानगंज, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा और बाराबंकी के रास्ते लखनऊ पहुंचेगी। इसके बाद यह गाड़ी कानपुर सेंट्रल और इटावा होते हुए नई दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल पर पहुंचेगी। इस ट्रेन से बिहार के लोगों के साथ–साथ उत्तर प्रदेश के यात्रयों को भी काफी लाभ मिलेगा। मुमताज अली की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।***

इस मौके पर रेल मंत्री ने बताया कि दीपावली और छठ पर्व के दौरान रिकॉर्ड संख्या में 12 हजार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जाएँगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज 'सेवा पर्व' की विशेष श्रृंखला में जानेंगे कि कैसे मोदी सरकार भारत के पहले मानवयुक्त गहरे समुद्र मिशन, समुद्रयान परियोजना के माध्यम से गहरे समुद्र अन्वेषण में देश को विश्व में अग्रणी बना रही है।

***पिछले कुछ वर्षों से भारत गहरे समुद्र अन्वेषण में गतिविधियों में तेजी से काम कर रहा है। इसी दिशा में 'समुद्रयान परियोजना' चलाई जा रही है, जो भारत का पहला मानवयुक्त गहरे समुद्र का मिशन है। यह मिशन 2021 में शुरू हुआ। इसका उद्देश्य भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता को बढ़ाना और समुद्री संसाधनों की खोज करना है। नीली अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए भारत ने फ्रांस के सहयोग से 'मत्स्य 6000' नाम का पनडुब्बी यान तैयार किया है। यह पनडुब्बी 6000 मीटर तक गहराई में जाकर खोज कर सकता है। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'राष्ट्रीय गहरे पानी अन्वेषण मिशन' की घोषणा की थी।***

***देश को विकसित बनाने के लिए हम अब समुद्रमंथन की तरफ जा रहे हैं। हमारे समुद्र के मंथन को आगे बढ़ाते हुए, हम समुद्र के भीतर के तेल के भंडार, गैस के भंडार उसको खोजने की दिशा में एक मिशन मोड में काम करना चाहते हैं और इसलिए भारत ने नेशनल सी वाटर एक्सप्लेनेशन मिशन शुरू करने जा रहा है।***

***भारत ने गहरे समुद्र में खोज के लिए अपनी तकनीक भी तैयार की है। इसमें विशेष वाहन और दबाव–रोधी सामग्री बनाई गई है, जिनका सफल परीक्षण पहले से ही किया जा चुका है। समुद्र की गहराई में उतरकर भारत खनिज, समुद्री जीव–जंतु और ऊर्जा संसाधनों की खोज कर रहा है। इसके साथ ही भारत उन गिने–चुने देशों में शामिल हो रहा है, जिनके पास गहरे समुद्र में अनुसंधान करने की उन्नत तकनीक मौजूद है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं अतहर सईद।***

**********

गौतमबुद्धनगर में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के समापन समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कल कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की तस्वीर बदल गई है। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का आह्वान करते हुए कहा कि उद्यमिता को बढ़ावा दें और विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सामूहिक संकल्प लें।

***एक तरफ जीएसटी घटा है चीजें सस्ती हुई है। दूसरी तरफ उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। आठ साल पहले मात्र चार सौ पाँच सौ यूनिट लगते थे उत्तर प्रदेश में तीन हजार यूनिट तीन हजार से अधिक यूनिट लगने जा रहे है देखिए कितना बड़ा बदलाव उत्तर प्रदेश में आया।***

समापन समारोह में प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि इस आयोजन में प्रदेश के उद्यमियों और कारीगरों को वैश्विक बाजार से जोड़ा गया। वहीं औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि ट्रेड शो के दौरान चौबीस सौ एमओयू पर हस्ताक्षर हुए, जिनसे ग्यारह हजार दो सौ करोड़ रुपये का व्यापार हुआ है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***नए पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए कृषि क्षेत्र में टैक्स में बड़ी कटौती की है। 1800 सीसी से कम क्षमता वाले ट्रैक्टरों पर कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार ने कृषि मशीनरी पर भी जीएसटी को कम कर दिया है। नए कर ढांचे के अंतर्गत, हार्वेस्टिंग या थ्रेशिंग मशीन और कम्पोस्टिंग मशीन पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। टैक्स की ये कम दरें कृषि में मशीनीकरण को बढ़ावा देंगी, जिससे किसानों का समय बचेगा, लागत कम होगी और फसल की पैदावार बढ़ेगी। कृषि क्षेत्र में जीएसटी में यह बदलाव कृषि उपकरणों की लागत कम करेगा और छोटे और सीमांत किसानों के लिए उन्हें और भी किफायती बनाएगा। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार।***

**********

उन्नीसवें राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन 23 से 29 नवंबर तक लखनऊ में होगा। हफ्ते भर चलने वाले इस भव्य आयोजन के लिए लखनऊ के वृंदावन योजना में डिफेंस एक्सपो ग्राउंड पर टेंट सिटी बसाई जाएगी। प्रदेश के वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कल टेंट सिटी के लिए भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जंबूरी केवल एक शिविर नहीं, बल्कि भाईचारे, संस्कृति और नेतृत्व का मंच है।

**********

नवरात्र की अष्टमी तिथि पर आज मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। सभी प्रमुख मंदिरों और शक्तिपीठों पर माता के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है।

गोरक्षपीठाधीश्वर और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस अवसर पर लोगों के कल्याण की कामना की है। उन्होंने कल गोरखपुर के प्रसिद्ध बुढ़िया माता मंदिर में दर्शन पूजन किया। इसके बाद वह कल शाम को ही गोरक्षपीठ पर महानिशा पूजन में शामिल हुए। हमारे गोरखपुर प्रतिनिधि ने बताया कि गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर में ही अपनी पीठ पर कन्या पूजन करेंगे।

इस बीच, प्रदेश भर में सजाए गए दुर्गा पांडालों में बीती रात श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किए। आज रात में भी दुर्गा पांडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

**********